भारत सरकार

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय

**लोक सभा**

**तारांकित प्रश्न संख्या 299**

दिनांक 5 अगस्त, 2016 को उत्तर के लिए

**आंगनवाड़ी केन्द्रों को कार्यशील बनाना**

***299. श्री रावसाहेब पाटील दानवेः**

क्या **महिला और बाल विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान देश में अनुमोदित/स्वीकृत और कार्य कर रहे आंगनवाड़ी केन्द्रों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि विभिन्न आंगनवाड़ी केन्द्रों को स्वीकृति दिए जाने के बावजूद भी उन्हें कार्यशील नहीं बनाया गया है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है और इस अंतर के क्या कारण हैं;

(घ) ऐसे अंतर को दूर करने और उनके कार्यकरण में सुधार लाने के लिए सरकार द्वारा क्या उपचारात्मक कदम उठाए गए हैं; और

(ङ) क्या सरकार का प्रस्ताव आंगनवाड़ी केन्द्रों में विधवाओं को रोजगार प्रदान करने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है**?**

**उत्तर**

**श्रीमती मेनका संजय गांधी** **महिला एवं बाल विकास मंत्री**

(क) से (ड.) : विवरण सदन के पटल पर प्रस्तुत है।

*****

**"आंगनवाड़ी केन्द्रों को कार्यशील बनाना" विषय पर श्री रावसाहेब पाटील दानवे द्वारा दिनांक 5 अगस्त, 2016 को पूछे जाने लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 299 के उत्तर के भाग (क) से (ड.) में संदर्भित विवरण**

(क) से (घ) : गत 3 वर्षों के दौरान संचयी रूप से संस्वीकृत किए गए प्रचालित गैर-प्रचालित आंगनवाड़ी केंद्रों (ए.डब्ल्यू.सी) के ब्यौरे इस प्रकार हैं :

| **वर्ष** | **आंगनवाड़ी केंद्रों (ए.डब्ल्यू.सी) की संख्या (संचयी)** | | |
|---|---|---|---|
| | **संस्वीकृत** | **प्रचलनात्मक** | **गैर-प्रचालनात्मक** |
| 2013-14 | 1374935 | 1342146 | 32789 |
| 2014-15 | 1400000 | 1346186 | 53814 |
| 2015-16 | 1400000 | 1349563 | 50437 |

राज्य-वार ब्यौरे **अनुलग्नक-I** में दिए गए हैं ।

समेकित बाल विकास सेवा (आईसीडीएस) स्कीम के योजनाबद्ध मानकों के अनुसार, भारत सरकार योजना तथा नीति संबंधी मुद्दों के लिए उत्तरदायी है जबकि राज्य सरकारें स्कीम के क्रियान्वयन के लिए उत्तरदायी है । देश में संस्वीकृत तथा प्रचालनात्मक आंगनवाड़ी केंद्रों के बीच अंतर मुख्यरूप से राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र-प्रशासनों द्वारा व्यापक रूप से प्रशासनिक, प्रक्रियात्मक तथा कानूनी विलंब के कारण हैं । महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र-प्रशासनों से संस्वीकृत किए गए आंगनवाड़ी केंद्रों के शीघ्र प्रचालन हेतु अपेक्षित सभी उपाय करने हेतु बार-बार दबाव डाला है ।

आंगनवाड़ी केंद्रों के प्रचालन सहित आईसीडीएस स्कीम के क्रियान्वयन की सतत रूप से निगरानी निर्धारित मासिक तथा वार्षिक-रिपोर्टों, पुनरीक्षाओं तथा पर्यवेक्षी दौरों आदि के माध्यम से की जाती है । प्राप्त हुए इनपुट/पुनर्निवेशन के आधार पर राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को कमियों को दूर करने और स्कीम के क्रियान्वयन में सुधार करने जिसमें अंतर को पाटने के लिए आंगनवाड़ी केंद्रों को प्रचालित करने तथा आंगनवाड़ी केंद्रों के कार्यकरण में सुधार करना शामिल है, के लिए पत्रों तथा पुनरीक्षा बैठकों के माध्यम से सलाह दी जाती है ।

आंगनवाड़ी केंद्रों(ए.डब्ल्यू.सी) के कार्यकरण में सुधार करने के उद्देश्य से, इस मंत्रालय ने पंचायती राज मंत्रालय तथा ग्रामीण-विकास मंत्रालय के अभिसरण में पूरे देश में अगले चार वर्षों में (2019 तक) 4 लाख आंगनवाड़ी केंद्र के भवनों के निर्माण को शामिल करने के लिए संयुक्त दिशानिर्देश जारी किए थे । इन आंगनवाड़ी केंद्रों में पेयजल तथा सफाई की सुविधाएं 14 वें वित्त आयोग के तहत पंचायती राज संस्थाओं के पास उपलब्ध निधियों से प्रदान की जाएंगी ।

वर्ष 2015-16 में, अभिसरण के अंतर्गत कुल 29,941 आंगनवाड़ी केंद्रों के भवनों के निर्माण के लिए अनुमोदन प्रदान कर दिया गया है तथा वर्ष 2016-17 में 98,048 आंगनवाड़ी केंद्रों के भवनों के निर्माण के लिए अनुमोदन प्रदान कर दिया गया है ।

इसके अतिरिक्त, मंत्रालय ने मैसर्स वेदान्ता के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर भी किए हैं जिसके अंतर्गत कम्पनी 11 राज्यों (आंध्र प्रदेश, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, राजस्थान, तेलंगाना और उत्तर प्रदेश) के बहुत पिछड़े हुए जिलों में अपने ही संसाधनों से 4,000 आंगनवाड़ी केंद्र के भवनों का निर्माण करेगी ।

(ड.) : जी, नहीं । आंगनवाड़ी केंद्रों में विधवाओं को रोजगार प्रदान करने का ऐसा कोई प्रस्ताव मंत्रालय के विचाराधीन नहीं है । तथापि, आईसीडीएस के मानकों के अनुसार आंगनवाड़ी कार्यकर्त्री तथा सहायिका स्थानीय गांव की महिला होनी चाहिए और समुदाय में वह स्वीकार्य होनी चाहिए ।

*****

अनुलग्नक-I

"आंगनवाड़ी केन्द्रों को कार्यशील बनाना" विषय पर श्री रावसाहेब पाटील दानवे द्वारा दिनांक 5 अगस्त, 2016 को पूछे जाने लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 299 के उत्तर के भाग (क), (ख) और (ग) में संदर्भित विवरण

**गत तीन वर्षों के दौरान देश में संस्वीकृत, प्रचालित तथा गैर-प्रचालित आंगनवाड़ी केंद्रों (एडब्ल्यूसी) के राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा**

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | 2013-14 | | | 2014-15 | | | 2015-16 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | आंगनवाड़ी केंद्रों की संख्या | | | आंगनवाड़ी केंद्रों की संख्या | | | आंगनवाड़ी केंद्रों की संख्या | | |
| | | संस्वीकृत | प्रचालित | गैर-प्रचालित | संस्वीकृत | प्रचालित | गैर-प्रचालित | संस्वीकृत | प्रचालित | गैर-प्रचालित |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 91307 | 90757 | 550 | 55607 | 55574 | 33 | 55607 | 55599 | 8 |
| 2 | तेलंगाना | | | | 35700 | 35353 | 347 | 35700 | 35621 | 79 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 6225 | 6028 | 197 | 6225 | 6028 | 197 | 6225 | 6028 | 197 |
| 4 | असम | 62153 | 62153 | 0 | 62153 | 62153 | 0 | 62153 | 62153 | 0 |
| 5 | बिहार | 91968 | 91677 | 291 | 115009 | 91677 | 23332 | 115009 | 91677 | 23332 |
| 6 | छत्तीसगढ़ | 64390 | 49651 | 14739 | 52474 | 49941 | 2533 | 52474 | 52474 | 0 |
| 7 | गोवा | 1262 | 1262 | 0 | 1262 | 1260 | 2 | 1262 | 1260 | 2 |
| 8 | गुजरात | 52137 | 51116 | 1021 | 53029 | 52065 | 964 | 53029 | 52092 | 937 |
| 9 | हरियाणा | 25962 | 25905 | 57 | 25962 | 25962 | 0 | 25962 | 25962 | 0 |
| 10 | हिमाचल प्रदेश | 18925 | 18907 | 18 | 18925 | 18920 | 5 | 18925 | 18925 | 0 |
| 11 | जम्मू व कश्मीर | 28577 | 28577 | 0 | 31938 | 29599 | 2339 | 31938 | 29599 | 2339 |
| 12 | झारखंड | 38432 | 38105 | 327 | 38432 | 38432 | 0 | 38432 | 38432 | 0 |
| 13 | कर्नाटक | 64518 | 64518 | 0 | 65911 | 64558 | 1353 | 65911 | 64558 | 1353 |
| 14 | केरल | 33115 | 33112 | 3 | 33318 | 33115 | 203 | 33318 | 33115 | 203 |
| 15 | मध्य प्रदेश | 92230 | 91318 | 912 | 97135 | 91822 | 5313 | 97135 | 92204 | 4931 |
| 16 | महाराष्ट्र | 110486 | 107913 | 2573 | 110486 | 108010 | 2476 | 110486 | 108262 | 2224 |
| 17 | मणिपुर | 11510 | 9883 | 1627 | 11510 | 9883 | 1627 | 11510 | 9883 | 1627 |
| 18 | मेघालय | 5864 | 5156 | 708 | 5896 | 5309 | 587 | 5896 | 5863 | 33 |
| 19 | मिजोरम | 2244 | 2070 | 174 | 2244 | 2244 | 0 | 2244 | 2244 | 0 |

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 20 | नागालैंड | 3980 | 3455 | 525 | 3980 | 3455 | 525 | 3980 | 3455 | 525 |
| 21 | ओडिशा | 72873 | 71306 | 1567 | 74154 | 71204 | 2950 | 74154 | 71288 | 2866 |
| 22 | पंजाब | 26656 | 26656 | 0 | 27314 | 26656 | 658 | 27314 | 26656 | 658 |
| 23 | राजस्थान | 61119 | 59945 | 1174 | 62010 | 60133 | 1877 | 62010 | 60801 | 1209 |
| 24 | सिक्किम | 1308 | 1233 | 75 | 1308 | 1275 | 33 | 1308 | 1290 | 18 |
| 25 | तमिलनाडु | 55542 | 54439 | 1103 | 54439 | 54439 | 0 | 54439 | 54439 | 0 |
| 26 | त्रिपुरा | 9911 | 9911 | 0 | 10145 | 9911 | 234 | 10145 | 9911 | 234 |
| 27 | उत्तर प्रदेश | 188259 | 187997 | 262 | 190145 | 187997 | 2148 | 190145 | 187997 | 2148 |
| 28 | उत्तराखंड | 23159 | 19329 | 3830 | 20067 | 19430 | 637 | 20067 | 19506 | 561 |
| 29 | पश्चिम बंगाल | 117170 | 116390 | 780 | 119481 | 116390 | 3091 | 119481 | 114781 | 4700 |
| 30 | अंडमान व निकोबार द्वीप समूह | 720 | 710 | 10 | 720 | 710 | 10 | 720 | 720 | 0 |
| 31 | चंडीगढ़ | 500 | 500 | 0 | 500 | 500 | 0 | 500 | 500 | 0 |
| 32 | दिल्ली | 11150 | 10897 | 253 | 11150 | 10897 | 253 | 11150 | 10897 | 253 |
| 33 | दादर और नगर हवेली | 281 | 268 | 13 | 302 | 282 | 20 | 302 | 302 | 0 |
| 34 | दमन व दीव | 107 | 107 | 0 | 107 | 107 | 0 | 107 | 107 | 0 |
| 35 | लक्षद्वीप | 107 | 107 | 0 | 107 | 107 | 0 | 107 | 107 | 0 |
| 36 | पुदुचेरी | 788 | 788 | 0 | 855 | 788 | 67 | 855 | 855 | 0 |
| | **अखिल भारत** | **1374935** | **1342146** | **32789** | **1400000** | **1346186** | **53814** | **1400000** | **1349563** | **50437** |